हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

11 सत्संग से हो सकती है दिव्य लोक की प्राप्ति



12 हम अपने पते में छत्तीसगढ़ लिख रहे हैं, तो इसके पीछे ...





## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते 8 पकड़ाए 7100 रूपए बरामद

**बालोद।** पुलिस ने रूपयों का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश खेल रहे 8 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा है। उनके कब्जे से 7100 रुपए भी बरामद किया है। कोतवाली थाना से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर की सूचना पर ग्राम कोरगुडा नाली पार में मूलचंद मण्डावी, ईश्वर लाल यादव, अजय कुमार देवांगन, सफात खान, नीलकंठ रावटे, ललित पिस्दा, महेन्द्र चंद्राकर, शंकरलाल देवांगन तथा कमलेश ठाकुर ये सभी जुआरी 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे थे। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर सभी जुआरियों को पकड़ा और उनके कब्जे से 52 पत्ति ताश व 7100 रुपए नगदी रकम बरामद किया। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की।

### ठेकवाडीह में श्रीमद् भागवत कथा 31 से

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह निवासी ईश्वर लाल, गंगा देवी साहू व समस्त केकती परिवार एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में 31 दिसंबर से 8 जनवरी तक स्व दयाराम साहू एवं लीला बाई की स्मृति में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। जहां कथावाचक खैरवाही (गुरुर) निवासी पंडित बल्ला प्रसाद शर्मा होंगे। जिसमे 31 दिसंबर को कलश यात्रा, गोकर्ण पूजा, बेदी पूजा होगी। 1 जनवरी को सुकदेव जन्म परीक्षित श्राप होगा। 2 जनवरी को ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र होगा। 3 जनवरी ऋषभ अवतार, जड़भरत प्रसंग होगा। 4 जनवरी श्री कृष्ण जन्म उत्सव मनाया जाएगा। 5 जनवरी कृष्ण बाल लीला, 6को रूखमणी मंगल होगा। 7 जनवरी सुदामा चरित, तुलसी वर्षा, चढ़ौती, शोभायात्रा निकाली जाएगी। 8 जनवरी को गीता प्रवचन, नौकन्या भोज, हवन व पूर्णाहूति का कार्यक्रम होगा।

### चरवाही व पीपरछेड़ी में संकल्प यात्रा शिविर आज

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत मंगलवार 26 दिसम्बर को बालोद विकासखण्ड के ग्राम चारवाही में सुबह 10 बजे एवं ग्राम पीपरछेड़ी में दोपहर 02.30 बजे तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम संबलपुर क में सुबह 10 बजे एवं ग्राम खमतराई में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचांदुर में 10 बजे एवं डौकीडीह में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। शिविर में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### डांस प्रतियोगिता 31 को

**गुरूर।** बीएस डांस ग्रुप के तत्वावधान में राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन नगर के बाजार चौक में 31 दिसंबर को किया जा रहा है। प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10000 रुपए, द्वितीय 5000 रुपए, युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपए, एकल नृत्य प्रथम पुरस्कार 3000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2000 रुपए प्रदान किया जाएगा।

### सोहपुर मड़ई 3 जनवरी को

**गुरूर।** ग्राम सोहपुर में मड़ई का आयोजन 3 जनवरी को किया गया है। ग्राम विकास समिति सचिव गुलाब सिंह साहू ने बताया कि रात्रि में गोपाल बलराम का नाचा कार्यक्रम रखा गया है।

# अंचल में सुबह-शाम बिछने लगी कोहरे की चादर, लुढ़का रात का पारा, कंपकंपाने लगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

इन दिनों पारा गिरने से अंचल में ठंड बढ़ गई है। वहीं, कड़कड़ाती ठंड और कोहरे की वजह से पूरा दल्लीराजहरा शहर रात्रि 7:00 बजे के बाद सुनसान हो जाता है। प्रातः 9:00 बजे तक कोहरा छाया रहता है आम जनों का निकलना बंद हो गया है। लोग घर में ही रहने लगे हैं। गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। वहीं, ठंड से बचने लोग अलाव का सहारा लेने लगे हैं। दल्लीराजहरा नगरपालिका के द्वारा अब तक विभिन्न चौक चौराहा में अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं विभिन्न वार्ड वासियों ने वार्ड के पार्षद और नगर पालिका से शहर के विभिन्न चौक चौराहा में अलाव की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। वनांचल क्षेत्र वनों की नगरी दल्लीराजहरा में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। चारों ओर वनों से घिरा दल्लीराजहरा का पारा लुढ़कने लगा है जिसकी वजह से कड़कड़ाती ठंड पड़ रही है। वनांचल दल्लीराजहरा क्षेत्र में मौसम साफ होते ही ठंड का कहर देखने को मिल रहा है। रात का पारा 05 डिग्री लुढक गया। सुबह से घने कोहरे के चलते क्षेत्र में कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। सुबह 09 बजे के बाद गुनगुनी धूप नजर आई और दिनभर कड़ाके की ठंड के चलते लोग गर्म कपड़े पहने नजर आ रहे हैं। शाम होते ही दल्लीराजहरा नगर सहित क्षेत्र में सन्नाटा पसर जा रहा है।

## नागरिकों ने नगर पालिका से की चौराहों पर अलाव जलाने की मांग

### गर्म कपड़ों की बढ़ी मांग

वनांचल दल्लीराजहरा क्षेत्र में मौसम के साफ होते ही ठंड ने दस्तक दे दी है और सुबह और शाम को ठंड ठिठुरन पैदा करने लगी है। शाम और सुबह ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अलाव जलाकर आग सेंकते आसानी से देखा जा सकता है। बदली और मौसम खराबी के चलते ठंड गायब हो गई थी लेकिन अब मौसम के साफ हो जाने से दल्लीराजहरा क्षेत्र में ठंड ने दस्तक दी है। ठंड के चलते लोग सुबह और शाम जॉकेट, स्वेटर, गर्म कपड़े पहने नजर आ रहे है तो रात के समय ठंड बढ़ने से नगर व ग्रामीण क्षेत्र के चौक-चौराहों में लोगों को लकड़ी का अलाव जलाकर तापते देखा जा रहा है।



### लोगों को कपकंपा रही लगातार बढ़ती ठंड

दल्लीराजहरा वनांचल क्षेत्र चारों तरफ पहाड़ी इलाकों से घिरा हुआ है। पहाड़ी इलाकों में सुबह 09 बजे तक कोहरे ही कोहरे नजर आ रहे हैं, तो शाम होते ही ठंड में कोहरे से मनोरम दृश्य देखने लायक बन रहा है। ठंडी हवा चलने से ठिठुरन बढ़ गई और लोगों की दिनचर्या में बदलाव आ गया है।

## योजना : सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने अंतरित की दो साल के धान बोनस की राशि

# जिले के 1 लाख 56 हजार 700 किसानों के खाते में पहुंचे 223 करोड़ 7 लाख रूपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बालोद जिले के कुल 01 लाख 56 हजार 694 कृषकों के खाते में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 का कुल 223 करोड़ 07 लाख रुपये के बकाया बोनस राशि का वितरण किया। साय रायपुर जिले के अभनपुर तहसील के ग्राम बेन्द्री में आयोजित धान बोनस राशि के वितरण समारोह में प्रदेश के कृषकों से वर्चुअली जुड़ते हुए उनके खाते में ऑनलाईन राशि का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक अभनपुर इन्द्र कुमार साहू एवं विधायक आरंग गुरू सुखवंत साहेब सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर आज आयोजित सुशासन दिवस समारोह में वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 के धान बोनस का बकाया राशि मिलने पर बालोद जिले के कृषक बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे।





### कृषकों का किया गया सम्मान

इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 के बकाया धान बोनस राशि से लाभान्वित कृषकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर एवं शॉल व श्रीफल भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। जिले के किसानों ने राज्य सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे किसान हितैषी कदम और अन्नदाताओं का सम्मान बताया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में उपस्थित जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम तमोरा के लाभान्वित कृषक बिशेसर राम साहू से उनका हाल–चाल जाना। कृषक बिशेसर राम साहू ने बताया कि उन्हें आज कुल 89,760 रुपये का बकाया बोनस राशि प्राप्त हुआ है। वे इस पैसे का उपयोग लोन लेकर खरीदे ट्रेक्टर का किश्त चुकाने में करेंगे। उन्होंने नवगठित छत्तीसगढ़ सरकार की इस किसान हितैषी निर्णय की सराहना की। इस अवसर पर आज जिला प्रशासन बालोद द्वारा जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में धान बोनस राशि के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मोहन मण्डावी, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा,कृष्णकांत पवार, ललिता साहू, बंसती बाला भेड़िया, जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष प्रेमलता साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### किसानों ने जताई प्रसन्नता

आज वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 के बकाया धान बोनस राशि मिलने से बालोद विकासखण्ड के ग्राम तरौद के कृषक मोहन लाल ने राज्य शासन के इस निर्णय की भूरी–भूरी सराहना की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने बकाया धान बोनस राशि प्रदान कर हम मेहनतकश किसानों का सम्मान करने का कार्य किया है। इसी तरह बकाया धान बोनस राशि मिलने से जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भँवरमरा के कृषक डोमार सिंह साहू बहुत ही प्रफुल्लित नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आज किसानों के खाते में राशि अंतरित करने से उनके जैसे अनेक किसानों को इसका लाभ मिलेगा। इसी तरह जिले के कृषक धरमसिंह, कचरूराम, भागवतराम एवं अन्य किसानों ने भी राज्य शासन के इस कदम की मुक्तकंठ से सराहना की है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद देते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है।

# विद्यार्थियों को प्रश्न बैंक के आधार पर करवाई जाएगी तैयारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा की तैयारी में जुट गए हैं। विद्यार्थियों के अलावा शिक्षा विभाग भी बोर्ड परीक्षा को लेकर अलर्ट हो गया है और प्रदेश में अव्वल स्थान पाने छात्र छात्राओं को बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराने कार्य में लग गए हैं। माह में अर्धवार्षिक परीक्षा के बाद जनवरी माह में प्रैक्टिकल परीक्षा, उसके बाद वार्षिक परीक्षा के लिए बचे हुए शेष समय पर विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। क्योंकि सम्भवतः फरवरी 2024 से कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा की शुरुआत होनी है, ऐसे में शेष बचे हुए दो माह में विद्यार्थियों को खूब पढ़ाई करने की जरूरत है। मार्च के होने वाले वार्षिक परीक्षा में कक्षा दसवीं में संभावित 9515 तो वहीं कक्षा बारहवीं में संभावित 7506 छात्र–छात्राएं परीक्षा दिलाएंगे। बोर्ड परीक्षा की तैयारी जोर शोर से चल रही है।

- कक्षा दसवीं व बारहवीं में अच्छे परिणाम की कवायद

### तैयार किया गया प्रश्न बैंक

जिला शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम आने के बाद उसमें समीक्षा करने के बाद विद्यार्थियों की स्थिति को देखते हुए स्कूल स्तर पर ही स्पेशल क्लॉस लगाई जाएगी। इसके साथ ही विभाग शिक्षकों के लिए प्रश्न बैंक भी तैयार कर चुके हैं। जो 2024 के वार्षिक परीक्षा में आने लायक हैं, उन सभी का प्रश्न बैंक तैयार कर स्कूलों को वितरण किया जाएगा, उसी प्रश्न बैंक के आधार पर शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को प्रैक्टिस कराएंगे। प्रश्न बैंक के माध्यम से बच्चों को अभ्यास कराने का यह तरीका इसलिए अपनाया जा रहा है क्योंकि बच्चे प्रश्न उत्तर को याद तो कर लेते हैं लेकिन परीक्षा दिलाते समय प्रश्नों के उत्तर लिखने का तरीका भूल जाते हैं और उन्हें काफी समस्या होती है। ऐसे में लगभग एक माह तक उन्हें अभ्यास कराया जाएगा ताकि प्रश्नों का उत्तर लिखने में उन्हें समस्या न हो।

# किसानों से छल कर रही भाजपा : संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- संजारी बालोद विधायक ने सरकार पर लगाया आरोप



संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने भाजपा सरकार पर किसानों से छल करने का गंभीर आरोप लगाया है। संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार 2 साल के बोनस का प्रमाण पत्र दे रही है, लेकिन किसानों के खाते में 1 साल का बोनस ही आ रहा है।

संगीता सिन्हा ने कहा भाजपा ने 6 साल बाद किसानों को बोनस दिया वह भी अधूरा। भाजपा सरकार ने यहां भी किसानों को छलने का कार्य किया है। भाजपा सरकार के लोग किसानों को 2 साल के बोनस की राशि का प्रमाण पत्र बांट रहे हैं, लेकिन किसानों के खाते में 1 साल का बोनस ही आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नियत ही नहीं है कि किसानों का भला हो। संगीता सिन्हा ने कहा कि मैंने किसानों से चर्चा की है एवं मेरे पास शिकायतें भी आ रही है कि उन्हें प्रमाण पत्र 2 साल के बोनस का दिया गया है, लेकिन खाते में राशि 1 साल के बोनस की ही आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार तत्काल किसानों को दोनों साल का बोनस एक साथ जारी करें। संगीता सिन्हा ने कहा कि जिस विश्वास के साथ प्रदेश की जनता ने भाजपा को अपना समर्थन दिया, उस विश्वास को भाजपा ने तोड़ने का काम किया है। किसानों को 2 साल का बोनस बोलकर सिर्फ 1 साल का ही बोनस दिया जा रहा है। जबकि प्रमाण पत्र में 2 साल अंकित है। क्या यही है मोदी की गारंटी? भाजपा किसान विरोधी पार्टी है।

# रामतरा में लगा एनएसएस का विशेष शिविर स्वयंसेवक चला रहे जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर




स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का संचालन ग्राम रामतरा, गुरुर में 22 से 28 दिसंबर तक संचालित हो रहा है।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अथिति डॉ. ओंकार महमल्ला थे। अध्यक्षता सातो बाई ठाकुर ने किया, विशेष अथिति ग्रामीण अध्यक्ष गोपाल राम ठाकुर, कन्हैया लाल निर्मलकर, गिरधारी राम साहू, चमन लाल टंडन एवं समस्त पंचगण तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अथिति ने कहा कि एनएसएस छात्रों के व्यक्तित्व विकास का एक माध्यम है, जिसमे छात्र छात्राएं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने प्रतिभा को निखारते है तथा ग्रामीणों को भी प्रेरणा देते हुए जागरूक करते है। ग्राम सरपंच सातो बाई ने कहा कि छात्र छात्राओं के द्वारा ग्रामवासियों को जो बातें बताई जाएगी ऊन पर ग्रामीण अमल करेंगे तथा इस शिविर को संचालित करने में पूरी सहयोग प्रदान करेंगे। प्राचार्य प्रो केएल रावटे ने एनएसएस के गतिविधियों की जानकारी प्रदान कराते हुए छात्रों से अनुशासन बनाए रखने की बात कही। कार्यक्रम अधिकारी प्रो रोहित सोरी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य नशा मुक्त भारत के लिए युवा हैं। शिविर में परियोजना कार्य, जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान, निर्माण कार्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, साक्षरता अभियान, मतदाता जागरूकता अभियान आदि चलाया जायेगा। शिविर में प्रतिदिन बौद्धिक परिचर्चा शाम को देशी खेलकूद तथा रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम होता हैं। शिविर में सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रो कमला कुरेटी, ग्रामवासी तथा वरिष्ठ स्वयं सेवक उपास्थित थे।

### कन्हारपुरी में कबड्डी प्रतियोगिता 30 से

**गुरूर।** ग्राम कन्हारपुरी में 30 से 31 दिसंबर तक दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भगवा रंग समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में किया जा रहा है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 5000 रुपए एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपए एवं शील्ड, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपए एवं शील्ड दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य गुरुर विजय गंजीर, विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत ईशप्रकाश साहू, सरपंच भागा बाई साहू, अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा आदित्य पीपरे, महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा अजेंद्र साहू, अश्वनी हिरवानी, अशोक साहू, भूखा राम देवांगन, सम्मेराम यादव, एलआर.साहू, पूनम कांकरिया उपस्थित रहेंगे।

## पोर्टल या राशन कार्ड से संबद्ध मोबाइल नंबर से करना होगा लागिन

# अब घर बैठे बना सकेंगे आयुष्मान कार्ड, चक्कर लगाने का झंझट खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राज्य शासन की नई योजना के अंतर्गत अब आयुष्मान कार्ड घर बैठे बनाया जा सकता है। दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में अब घर बैठे बना सकेंगे आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकता है चक्कर लगाने का झंझट खत्म। पोर्टल या राशन कार्ड से संबद्ध मोबाइल नंबर से लागिन करना होगा।

डॉक्टर विजय ठाकुर मुख्य विकासखंड चिकित्सा अधिकारी के अनुसार अब आयुष्मान कार्ड बनाना हुआ आसान,अब आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शासकीय चाइस सेंटर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, बल्कि अपने मोबाइल से ही आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकता है और फॉर्म भी भरा जा सकता है। मरीजों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने आयुष्मान कार्ड पोर्टल को अपग्रेड कर दिया है। सरकार ने इस योजना के लिए बनाए गए में पोर्टल को अपडेट कर दिया है। इसके लिए पात्र को पहले अपने नंबर से पंजीयन करना होगा पात्रता होने पर दिए गए विकल्प अनुसार आयुष्मान कार्ड परिवार के नए सदस्यों का नाम जोड़ सकते हैं,महात्मा गांधी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना (एबी-पीएम- जय) दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य आश्वासन / बीमा योजना है। इस योजना के तहत प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ़्त इलाज माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रदान किया जाता है।,




### करवा सकते हैं 5 लाख तक का इलाज

आज के समय में खुद का इलाज करवाना भी काफी महंगा नजर आता है। दरअसल, कई बीमारियां ऐसी हैं जिनके इलाज के लिए काफी पैसे चाहिए होते हैं। ऐसे में गरीब वर्ग के लिए काफी दिक्कतें होती हैं। इसलिए सरकार कई तरह की योजनाओं के जरिए गरीब वर्ग को लाभ देती है। जैसे- केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की। इस योजना के अंतर्गत पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाते हैं और इसके बाद कार्डधारक सूचीबद्ध अस्पतालों में अपना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करवा सकता है।

### ग्राम कुलिया में डांस प्रतियोगिता 30 को

**गुरूर।** ग्राम कुलिया में 30 दिसंबर शनिवार को यंग स्टार कबड्डी क्लब एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से एकदिवसीय भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। प्रतियोगिता में सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रुपए व युगल डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए, एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 1501 रुपए, तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए रखा गया है।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### ट्रिपल आईई भिलाई चेप्टर की हुई बैठक

**भिलाई।** इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग (ट्रिपल आई ई) के भिलाई चेप्टर की बैठक भिलाई निवास के कॉफी हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता बीएसपी के पूर्व महाप्रबंधक व भिलाई चेप्टर के अध्यक्ष एचके देसाई ने की। 27 जनवरी को ट्रिपल आई ई का स्थापना दिवस समारोह मनाने, परिक्षेत्रीय इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग कान्फ्रेंस भिलाई में आयोजित करने, नये इंजीनियरों को संस्था से जोड़ने हेतु सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व जीएम संरक्षक एलके वैद्यनाथन, डीजीएम व उपाध्यक्ष सुशील हरिरमानी, संयुक्त सचिव घनश्याम कुमार देवांगन, वरिष्ठ इंजीनियर के.के. गुप्ता आदि उपस्तित थे।

### गोस्वामी समाज का वार्षिक अधिवेशन कल

**भिलाई।** अंतरजिला सनातन दशनामा गोस्वामी समाज का दतात्रेय उत्सव व वार्षिक अधिवेशन ग्राम दानीटोला में 26 दिसंबर को सुबह 9 बजे से कलश यात्रा व ध्वजारोहण, पूजा अर्चना, अतिथियों का स्वागत, वृद्धजनों का सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

### गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों और छत्तीसगढ़ सिख पंचायत की अहम बैठक आयोजित

**भिलाई।** श्री गुरु सिंघ सभा सेक्टर 6 में सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों एवं छत्तीसगढ़ सिख पंचायत की अहम बैठक रविवार को हुई। जिसमें सभी की सर्व सहमति बनी कि श्री गुरु गोविंद सिंघ साहिब के प्रकाश पर्व को समर्पित नगर कीर्तन 14 जनवरी 2024 को गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब कोहका से निकाला जायेगा। गौरतलब है कि श्री गुरु गोविंद सिंह साहिब का प्रकाश पर्व दिनांक 17 जनवरी को है प्रकाश पर्व से एक हफ्ता पूर्व नगर कीर्तन निकाला जाता है इस बार भी हर साल की तरह श्री पालकी साहिब की झांकी विशेष रूप की बनाई जाएगी। छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल ने बताया कि नगर कीर्तन को लेकर दुर्ग भिलाई के संगत काफी उत्साहित है। महासचिव गुरनाम सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन से एक हफ्ता पूर्व नगर कीर्तन की तैयारी को लेकर एक बैठक और की जाएगी। रविवार की बैठक में छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के वाइस चेयरमेन गुरमीत सिंह गांधी, पलविंदर सिंह, जसवीर सिंह सैनी, रंधावा, बलदेव सिंह, हरपाल सिंह, कुलवंत सिंह, सिख पंचायत पूर्व अध्यक्ष स्वर्ण सिंह केमबो, सतवंत सिंह रंधावा, अवतार सिंह, स्वरूप सिंह, हरपाल सिंह हैप्पी, मंगल सिंह, एसपी सिंह, बलजिंदर सिंह कलेर, अनूप सिंह आदि उपस्थित थे।

### गुरु घासीदास जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**भिलाई।** दुर्ग जिले के ग्राम जंजगिरी के सतनामी समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा रैली 26 दिसंबर को शाम 4 बजे निकलेगी। वहीं 27 दिसंबर को शाम 4 बजे ध्वजारोहण एवं पूजा, आरती रंग झमाझम बालिका पंथी पार्टी ग्राम सुखरी द्वारा होना है, साथ ही साथ मंडई, मेला के साथ रात्रिकालीन कार्यक्रम 10 बजे से लोक सिरजन, डौंडीलोहारा का कार्यक्रम रखा गया है।

### सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित

**भिलाई।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के कार्यकारणी सदस्यों की बैठक सेक्टर 2 में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सरयूपारिण ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने की। सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि आगामी वर्षों में समाज को और मजबूत करने की दृष्टि से समाज द्वारा जोन अनुसार बैठक की जायेगी। बैठक में 25 दिसंबर को पूर्व प्रधान मंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस पर समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया।

# दिसंबर में न्यूनतम तापमान दो साल पहले 5.4 डिग्री सेल्सियस तक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अलग खबर

इन दिनों दुर्ग जिले में मौसम में उतार-चढ़ाव होने से ठंड बढ़ने लगी है। लेकिन पिछले दस सालों का रिकार्ड देखें तो पिछले दो साल पहले यानी वर्ष 2021 दिसंबर में सबसे ज्यादा ठंड पड़ी थी और न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा था। इसके पहले इतना ही तापमान वर्ष 2014 और वर्ष 2018 में भी रहा। यानी इतनी ही ठंडी इन दोनों सालों में भी पड़े। यह ऑल टाइम रिकार्ड भी बना।

## दस सालों में दिसंबर में सबसे ज्यादा ठंड 20 दिसंबर 2021, 2014 व 2018 को पड़ा

### पिछले साल 10 डिग्री सेल्सियस तक हुई थी गिरावट

मौसम विभाग के मुताबिक दिसंबर महीने में पिछले साल यानी वर्ष 2022 में सबसे ज्यादा ठंडी 9 दिसंबर को पड़ा। इस दिन न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था। इसी तरह अधिकतम तापमान भी दिसंबर महीने में सबसे ज्यादा 32.6 डिग्री सेल्सियस था। जो 15 दिसंबर 2022 को रहा। वर्ष 2021 में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस 6 दिसंबर को रहा है।



### आज रहेगा मौसम शुष्क

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के गुजर जाने के कारण नमी की मात्रा में थोड़ी कमी आई है जिसके कारण न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट संभावित है। चूंकि पूर्व से अपेक्षाकृत गर्म हवा रही है इसके कारण मैक्सिमम टेंपरेचर में थोड़ी सी वृद्धि होने की संभावना बनी हुई है। दुर्ग सहित प्रदेश में सोमवार को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### सर्द मौसम में सबसे ज्यादा तापमान 1984 में

मौसम विभाग के रिकार्ड के मुताबिक सर्द मौसम यानी दिसंबर महीने में अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा वर्ष 1984 में रहा। 34.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान 14 दिसंबर 1984 में दर्ज किया गया। जो अब तक का रिकार्ड रहा है। वर्ष 2015 में भी अधिकतम तापमान इसी के आसपास पहुंचा था। इस साल के दिसंबर 34.4 डिग्री सेल्सियस तापमान 4 दिंसबर को रहा है।

### पिछले दस साल का दिसंबर महीने में इस प्रकार रहा अधिकतम और न्यूनतम तापमान

| वर्ष | अधिकतम तापमान | तिथि | न्यूनतम | तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2022 | 32.6 डिग्री सेल्सि. | (15 दिसंबर ) | 10 डिग्री सेल्सि. | (9 दिसंबर) |
| 2021 | 32.4 डिग्री सेल्सि. | (6 दिसंबर ) | 5.4 डिग्री सेल्सि. | (20 दिसंबर) |
| 2020 | 32.4 डिग्री सेल्सि. | (8 व 10 दिसं.) | 7 डिग्री सेल्सि. | (2 दिसंबर |
| 2019 | 32.4 डिग्री सेल्सि. | (13 दिसंबर) | 6.2 डिग्री सेल्सि. | (29 दिसंबर) |
| 2018 | 30.6 डिग्री सेल्सि. | (8 दिसंबर) | 5.4 डिग्री सेल्सि. | (30 दिसंबर) |
| 2017 | 32 डिग्री सेल्सि. | (15 दिसंबर ) | 7.2 डिग्री सेल्सि. | (27 दिसंबर) |
| 2016 | 32.4 डिग्री सेल्सि. | (5 दिसंबर ) | 7.8 डिग्री सेल्सि. | (30 दिसंबर) |
| 2015 | 34.2 डिग्री सेल्सि | .(4 दिसंबर) | 6.6 डिग्री सेल्सि. | (27 दिसंबर) |
| 2014 | 32.8 डिग्री सेल्सि. | (1 दिसंबर) | 5.4 डिग्री सेल्सि. | (29 दिसंबर) |
| 2013 | 32.4 डिग्री सेल्सि. | (2दिसंबर) | 8.2 डिग्री सेल्सि. | (13 दिसंबर) |

## नहीं मिल रहा न्यूनतम वेतन व बोनस, बीडब्ल्यूयू ने प्रबंधन से की चर्चा

# भिलाई इस्पात संयंत्र में बढ़े हादसे मजदूरों का हो दस लाख का बीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका मजदूरों की लंबित समस्याओं के जल्द निदान के लिए यूनियनों ने दबाव बनाना शुरु कर दिया है। बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने प्रबंधन से मजदूरों का दुर्घटना बीमा सहित अन्य मांगों को लेकर चर्चा की। इस मामले में आश्वासन मिला है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में करीब 25 हजार ठेका मजदूर कार्यरत हैं ।लेकिन दुर्घटनाएं बढ़ने के बाद भी न तो उनकी दुर्घटना बीमा राशि बढ़ाई गई है और न ही उन्हें न्यूनतम वेतन व सुरक्षा उपकरण मिल रहे हैं। बीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने बताया कि बी एस पी प्रबंधन से मांग किया है की संयंत्र में कार्यरत सभी एजेंसियों के लिए उसमे कार्यरत श्रमिको का 10 लाख का दुर्घटना बीमा अनिवार्य किया जाए। उनमें भेद न किया जाए सभी के लिए एक जैसा नियम करे। प्लांट के अंदर केवल संयंत्र में सीधे रजिस्टर्ड ठेकेदार के साथ ही अन्य कई पब्लिक सेक्टर, सरकारी या गैर सरकारी संस्थाओं के भी ठेका श्रमिक कार्यरत हैं । सभी ठेका श्रमिकों के परिवार को किसी दुर्घटना से दस लाख बीमा योजना का लाभ मिले। उच्च प्रबंधन से चर्चा हुई है, जल्द ही नीतियों में सुधार कर सभी ठेका श्रमिकों को इस योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

**कहा जल्द हो लंबित समस्याओं को समाधान**



### नहीं मिल रही सुरक्षा सामग्री

यूनियन ने कहा कि ठेका श्रमिकों को आज तक प्रबंधन ने सुरक्षा के सामग्री ही उपलब्ध नहीं कर पाया है । साधारण जूता हेलमेट और दस्ताना जैसी चीजों के लिए ही सुरक्षा साधनों के लिए ही ठेका समिति को संघर्ष करना पड़ रहा है। कुछ संस्थाओं को छोड़कर ज्यादातर जगह में सेफ्टी सामग्री की क्वालिटी इतनी खराब है। प्रशिक्षण बिना ही ठेका सैनिकों को असुरक्षित कार्यों में झोंक दिया जाता है। ज्यादातर विभागों में स्पॉट सुरक्षा जानकारी को प्रारंभ नहीं किया गया है। ठेका श्रमिकों को जायज वेतन और बोनस तक नहीं मिल रहा है।

### बायोमेट्रिक से दबाव

ठेकेदारों द्वारा श्रमिकों के बैंक अकाउंट खुलवा कर उसका एटीएम अपने कब्जे में रख लिया गया है । उनका भी वेतन बोनस ठेकेदार द्वारा काट दिया जाता है । यूनियन के मुताबिक क्या प्रबंधन इस बात के लिए पूर्ण रूप से आश्वस्त कर सकता है कि ठेका श्रमिकों को बायोमेट्रिक के अंतर्गत ले लेने मात्र से ही उनको जायज वेतन बोनस उचित सुरक्षा सामग्री सब मिलने लग जाएगा। बैठक में यूनियन के अमित बर्मन, सुरेश सिंह, धनजय गिरी, रविशंकर सिंह, मोहम्मद ईशा, रहमान, नेगी आदि आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों पर त्वरित निराकरण करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ मनरेगा में मजदूरों के दिलचस्पी नहीं, कहां करें मॉनिटरिंग


कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत वार राजस्व शिविर आयोजित करने एवं शिविर में राजस्व कर्मचारी पटवारी, आरआई के साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदार को उपस्थित रहकर निराकरण करने के निर्देश दिया गया और इसके लिए सभी एसडीएम को राजस्व शिविर का नोडल अधिकारी होंगे। साथ ही शहरी क्षेत्र में भी वार्ड के अनुसार राजस्व शिविर आयोजित हो और इसका रोस्टर जारी हो। अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन पर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। राजस्व अमले लगातार निगरानी कर कार्यवाही करें। नगरीय निकाय सहित ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को इसका लाभ मिले कार्यवाही समय पर करने हेतु सभी आयुक्त, सीएमओ सहित सीईओ को निर्देशित किया गया।

### एसडीएम की निगरानी में बोनस वितरण

आज 25 दिसंबर 2023 को सुशासन दिवस के अवसर पर शासन के निर्देश अनुसार कार्यवाही करने एवं बोनस वितरण के कार्य एसडीएम को स्वयं की देख-रेख में करने के लिए कहा। जिला सहित सभी जनपद सीईओ को नरेगा कार्य धीमी है, उसमें अधिक से अधिक श्रमिकों को कार्य दिया जाए। सभी नगरीय निकायों को स्वच्छता पर कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अश्वनी देवांगन के साथ अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सुशासन का प्रतीक अटल चौक देखरेख के अभाव में हुआ बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम



छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की अहम भूमिका रही है। उसके प्रति आभार जताने व सुशासन के प्रतिक के रुप में बीते 18 वर्ष पहले पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लगभग प्रतयेक ग्राम पंचायतों में अटल चौक बनाया गया, लेकिन पूर्व भाजपा के सत्ता से खोने के बाद प्रदेश में भूपेश सरकार के कार्यकाल अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों ने सुध नहीं लेने के कारण कहीं अटल चौक टूट फूट गई तो कहीं रंगरोहन नही, तो कई जगह मवेशी बांधने की जगह बन गई। अटल चौक कई जगह जीर्ण क्षीर्ण हो गया, तो कई जगह अटल चौक चबूतरा मरम्मत की बांट जो रहा है। वहीं हकीकत पर नजर डाले तो अधिकतर अटल चौक की स्तंभ जर्जर है। वहीं कई जगह असमाजिक तत्वों ने तोड़-फोड़कर जमींदोज कर दिया। वहीं प्रदेश में भाजपा सरकार की सरकार बन गई और 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जायेगा। जिसमें किसानों को पुराने दो वर्ष का बोनस देकर भाजपा अपना वादा पूरा कर किसानों के चेहरे पर खुशी बिखेरेगा। गोरतलब हो कि ग्राम पंचायत आमटी में अटल चौक में मवेशी बांधते हैं, लेकिन स्थानीय ग्राम पंचायत आमटी कुंभकर्णीय नींद में है, मानो सुध लेने की फुर्सत नही है। वहीं ग्राम सरपंच आमटी घनश्याम साहू ने बताया कि अटल चौक मरम्मत के लिए पंचायत में फंड नही है, इसलिए मरम्मत नही हो पाया। वहीं ग्राम पंचायत निकुम में बनी अटल चौक तो चौक बीते दशक भर से छूमंतर है, गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत निकुम को पंचायती राज पुरुस्कार से देश के प्रधानमंत्री ने सम्मानित किया।

## व्यवस्थित होगा संडे मार्केट, बीच सड़क पर दुकानें, बरसे विधायक रिकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लंबे समय से ट्रैफिक के लिए मुसीबत बने सुपेला के संडे बाजार को अब व्यस्थित किया जाएगा। वैशालीनगर के विधायक रिकेश सेन रविवार को संडे बाजार का दौरा कर बीच सड़क पर दुकान लगाने वालों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा है कि ट्रैफिक की सुविधा के लिए संडे बाजार को व्यस्थित किया जाएगा। जो दुकानदार एक फीट भी आगे दुकाने लगाएगा, निगम व जिला प्रशासन द्वारा मौके पर कार्रवाई कर उसकी रजिस्ट्री शून्य कर दुकान को तत्काल सील किया जाएगा। घड़ी चौक के आगे बीच सड़क पर लगने वाला संडे बाजार लोगों के लिए जाम व दुर्घटना का कारण बना हुआ है। विधायक रिकेश सेन आज अचानक मौके पर पहुंचे और सड़क पर सजी दुकानें देख जमकर बरसे । उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा जब स्थल पर निरीक्षण किया गया तो काफी हैरानी हुई। कई दुकानदार खुद दुकान के सामने सामान सजा रखे थे और पार्किंग की जगह उन्होंने अन्य ठेले खोमचे और पसरा लगा व्यवसाय करने वालों को डेली वेज पर दे रखा है। संडे को पूरा बाजार जाम की वजह से बदहाल है, न एम्बुलेंस आ जा सकती है और न ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां। पूरा मुख्य मार्ग पसरा और ठेले खोमचे से अटा पड़ा है। यह सड़क आवासीय कॉलोनी की ओर जाती है, आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड जैसे गाड़ियों को गंतव्य तक शीघ्र से शीघ्र पहुंचना जरूरी है। इसके आलावा मरीज को अस्पताल तक ले जाने के लिए यही एप्रोच रोड भी है। शादी समारोह एवं छात्र-छात्राओं को स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग सेंटर जाने के लिए भी यही प्रमुख मार्ग है। 100 फीट से डेढ़ सौ फीट चौड़ाई वाली इस सड़क पर संडे मार्केट के कारण लोग सहजता से आवागमन नहीं कर सकते हैं।

■ सड़क पर दुकान लगाने वालों को दी गुमास्ता रद्द करने की चेतावनी

### 150 फीट की सड़क रह गई 20 फीट

सुपेला चौक से लेकर मस्जिद तक सड़क की चौड़ाई 100 फीट की है एवं मस्जिद से लेकर गदा चौक तक मार्ग की चौड़ाई 150 फिट है, लेकिन जान बूझ कर व्यापारी वर्ग सड़क पर दाहिने एवं बायीं ओर सड़क पर अतिक्रमण कर पसरा लगवा रहे हैं । इस कारण मार्ग की चौड़ाई घटकर केवल 20 फिट रह जाती है और बरसों से इसके कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है एवं बाधित हो रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन के द्वारा संयुक्त प्रयास भी किया गया है। इस समस्या के समाधान के लिए आईएएस, आईपीएस अधिकारियों के द्वारा कई बार प्रयास किए गए। कुछ दिन तक स्थिति ठीक रहती है समय बीतने के साथ पुनः व्यापारियों के द्वारा समस्या खड़ी कर दी जाती है। इस समस्या के निराकरण के लिए अगले सप्ताह सभी व्यापारियों को चेताया है कि यदि एक भी दुकानदार 1 फ्रीट भी अपनी हद से आगे बढ़ा उसकी रजिस्ट्री शून्य मानी जाएगी। इसके आलावा जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन की टीम के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए तत्काल उसके प्रतिष्ठान को सील किया जाएगा। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि हर दुकानदार अपने सामने फल का दुकान लगाने देता है। फल व्यापारी शाम को प्रतिदिन संबंधित दुकानदार को 200 से 1500 तक देता है। संडे मार्केट में 20% लोग भिलाई के रहने वाले हैं बाकी सभी व्यापारी नागपुर से तारसा गाड़ी से रात को एवं सुबह पहुंचते हैं, दिन भर व्यापार करने के बाद संडे मार्केट में व्यवसाय करने वाले व्यापारी 80% बाहर से आते हैं, वह स्थानीय नहीं हैं। जो व्यापारी आवागमन को बाधित कर रहे हैं, उन सभी का कल गुमास्ता लाइसेंस भी निरस्त किया जाएगा। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि बिना वजह के ट्रैफिक जाम की स्थिति से किसी भी तरह मुक्ति दिलाना है। उन्होंने कहा कि इतवार के दिन इस विपरीत परिस्थिति को हटाने के लिए देश की सबसे बड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## वार्ड-51 पहुंचे विधायक देवेंद्र जीत के लिए जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव विधानसभा चुनाव जीतने के बाद बारी-बारी से अपने विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से मिल रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को विधायक यादव वार्ड-51 शहीद वीर नारायण वार्ड पहुंचे। जहां वार्ड के मतदाताओं ने विधायक श्री यादव का स्वागत किया। बाबा गुरूघासी मंदिर जैतखाम में पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया।

यादव ने कहा कि आप सभी का विश्वास, प्रेम और आशीर्वाद हमेशा मिलता रहे। रविवार को कलार सिन्हा समाज का सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवक-युवती परिचय सम्मेलन में विधायक यादव मुख्य अतिथि उपस्थित थे। यादव ने सिन्हा समाज का आभार व्यक्त किया।

## कसारीडीह में तीन दिवसीय साईं महोत्सव का आयोजन

# साईं दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लगी कतारें, भजन में झूमते रहे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के कसारीडीह सिविल लाईन स्थित प्रसिद्ध श्री सांई बाबा मंदिर में तीन दिवसीय 47वें वार्षिक महोत्सव का रविवार को भव्य शुरूवात किया गया। इस दौरान सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का जहां ताँता लगा रहा, मंदिर प्रांगण में हुए भजन कार्यक्रम में दिनभर भक्त झूमते रहे। सुबह मंदिर के पंडित कैलाशचंद्र तिवारी के सानिध्य में श्री सांई बाबा का सामुहिक महाभिषेक व महाआरती की गई। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में सांई भक्त जुटे, वहीं दिनभर मंदिर में सांई नाम के भजन गुंजमान रहे। श्री सत्य साईं भजन मंडली और साईं भजन महिला मंडली कसारीडीह द्वारा प्रस्तुत भजनों में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध रहे। जिससे मंदिर परिसर का माहौल भक्तिभाव से परिपूर्ण रहा। विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे । पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व पार्षद अल्ताफ अहमद, एल्डरमैन राजेश शर्मा, पूर्व एल्डरमैन प्रतीक उमरे के अलावा अन्य राजनीतिक पार्टी के नेताओं ने श्री साईं बाबा के दर्शन कर शहर की सुख समृद्धि के लिए कामना की।महोत्सव के दौरान सार्वजनिक श्री सांई महोत्सव समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा, शिवाकांत तिवारी, सह सचिव संतोष यदु, कोषाध्यक्ष सुजीत गुप्ता, प्रचार सचिव सुरेश साहू, अजय सुरपाम, कार्यकारिणी सदस्य कौशल किशोर सिंह, संजय लाखे, विनय चंद्राकर, संतोष खिरोड़कर, गणेश निर्मलकर, नरेन्द्र राठी, हेमंत रूंगटा, प्रकाश शिवणकर, नारायण दत्त तिवारी, रोमनाथ साहू, अतुल मढरिया, विपिन बोहरा, मुरलीधर राऊत, नितिन शेडे, अरविंद लोखंडे, प्रशांत राऊत, प्रभाकर राव पाटने, सत्य साई सेवा समिति सदस्य दिलीप ठाकुर एवं मंदिर समिति के अन्य सदस्यगण व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।



### विभिन्न प्रतियोगिता का भी आयोजन

दोपहर बाद मंदिर परिसर में पूजा की थाली सजाओ व व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पूजा की थाली को आकर्षक ढंग से सजाकर अपने उत्कृष्ट कलाकृतियों का प्रदर्शन किया, वही लजीज व्यंजन बनाकर श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। यह प्रतियोगिता संयोजिका विभा भंडारकर एवं निर्णायक रंजना गुप्ता, सारिका शिवणकर की देखरेख में संपन्न हुई। जिसमें महिलाएं, युवती व बच्चों समेत करीब 50 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के परिणाम 28 दिसम्बर, गुरूवार को शाम 7 बजे घोषित किए जाएंगे और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### आज होगा समापन

26 दिसम्बर को सुबह पूजा अर्चना के बाद दोपहर 12.30 बजे से आम भंडारा (महाप्रसाद) का आयोजन किया गया है। शाम 6.30 बजे श्री सांई बाबा जी की आरती उपरांत भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा सिविल लाईन, पद्मनाभपुर मुक्तनगर, कन्हैयापुरी चौक, आजाद चौक, कसारीडीह होते हुए अंत में वापस मंदिर पहुंचेगी। रात्रि में शेज आरती के बाद वार्षिक महोत्सव का समापन होगा।

## शिव पार्वती विवाह पर निकली झांकी भक्तों ने लिया बारात का आनंद

**सेलूद।** ग्राम मटंग में चल रहें श्रीमद शिव महापुराण कथा के चौथे दिन फिगेश्वर राजिम वाले महराज परमानंद ने सती चरित्र एवं शिव पार्वती विवाह का कथा सुनाया। शिव पार्वती विवाह पर सुन्दर झांकी निकाली गई। कथा वाचक पंचकोसी धाम पिंगेश्वर पुरोहित परमानंद महराज ने माता सती के चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से माता सती भगवान शिव के लाख मना करने बाद भी अपने पिता राजा दक्ष के घर बिना आमंत्रण के चली गई, उसके बाद माता सती को अपने शरीर को त्यागना पड़ा। उसी प्रकार से मातृ शक्ति को भी अपने मायका हो या अन्य स्थान कभी भी बिना आमत्रंण के नही जाना चाहिए और ना ही मायका जाने के लिये जिद करना चाहिये।

## खबर संक्षेप



### जामगांव आर में मना सुशासन दिवस

**जामगांव आर।** अटल चौक भरर में छत्तीसगढ़ निर्माता कवि भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म दिवस मनाते हुए उनकी बातों का स्मरण किया गया।

### फागुनदाह में मनी पूर्व पीएम अटल की जयंती



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में अटल जयंती मनाई गई। अटल जी के तैल चित्र की पूजा की गई। जिसमें ग्राम के श्याम लाल साहू, हेमंत साहू,, सरपंच ग्राम पंचायत फागुनदाह नूतन होमशंकर साहू, बंशीलाल साहू, प्रकाश सूर्यवंशी, तोरन लाल साहू, द्वारिका साहू, हरिश साहू, जूमझ हिरवानी, पप्पू हिरवानी, गिरीश हिरवानी, रोशन साहू, तुलाराम साहू, रामचन्द्र सुर्यवंशी, श्याम सुंदर साहू के साथ महिलाएं उपस्थित थीं।

### ग्राम पंचायत मटिया ह में मना सुशासन दिवस



**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत मटिया (ह) में सुशासन दिवस तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस पर पूरे ग्राम पंचायत में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा सह कोषाध्यक्ष मोहन जैन, सरपंच दानीराम सिन्हा, उप सरपंच महेंद्र रात्रे जी एवं पंचगण व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## निधन

### ठामेन्द्र नेवारे



**गुरूर।** ग्राम हसदा निवासी ठामेन्द्र नेवारे का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सावित्री बाई के पति, धनंजय कुमार के पिता, श्याम बाई के बेटे व टुमन सिंह के भाई थे।

## अध्यात्म : भ्रमण के दौरान नगर में रहा उत्सव का माहौल

# अयोध्या से पहुंचा अक्षत कलश, नगर में निकाली शोभायात्रा









हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या नगरी से आये अक्षत कलश एक दिन पूर्व जिला बालोद के मां गंगा मैया मंदिर से स- सम्मान लाकर नगर के मां काली मंदिर में रखा गया। रविवार को नगर के समस्त धर्मप्रेमी, सनातन प्रेमी, रामभक्त, मातृशक्ति नगर और युवा सहित नगर के समस्त धार्मिक सामाजिक संगठनों जिसमें सर्व समाज व सभी वर्गों के जन समूह ने शोभा यात्रा के रूप में शामिल होकर नगर भ्रमण करते हुए श्रीराम मंदिर में जाकर प्रभु राम की महाआरती की। इस भव्य शोभा यात्रा को दिव्य बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में नगर के सभी जनमानस को एक सूत्र में बांधकर इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

इस मंगल यात्रा में नगर के राम भक्तों ने दिल खोलकर अपना भरपूर योगदान दिए, जिसमें प्रमुख रूप से लोहारा खंड के स्वयंसेवक कामधेनु मंदिर के व्यवस्थापक संत वीरेंद्र देशमुख का योगदान सराहनीय रहा। नगर के ओजस्वी युवा राजाराम निषाद का योगदान, नगर के हनुमान भक्त मंडली के हर्ष कसार की टीम, युगल महाराज, मयंक जायसवाल, चंदन, सिद्धार्थ जायसवाल, अनुराग, राजा निवेन्द टेकाम के साथ उनकी पूरी टीम का योगदान अतुलनीय था। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी रवि चंद लोढ़ा, दिनेश जैन, पावन देवांगन, देवव्रत देवांगन, धर्मेंद्र निषाद, दिलीप गुजराती, मिश्रीलाल जैन, दिनेश पांडे, प्रशांत पांडे के साथ-साथ नगर की महिला मंडल सीताराम संकीर्तन मंडल,एनुका शार्वा ,हर्षा देवांगन, ममता शर्मा, लता गुप्ता, द्रौपदी सिन्हा, अंबिका निषाद, सुभद्रा टांडेकर, पार्षद माया ठाकुर, भारती जायसवाल, प्रतिभा सुकतेल, संगीता सोनी, नीलू पांडे,जितेंद्र कारपेंटर, लोकेश महाराज, राजेंद्र महाराज,अर्जुन देवांगन, अशोक राव, थानेश्वर यादव, नरेंद्र यादव, प्रवीण टांक, शैल टांक का योगदान सराहनीय रहा। भव्य शोभायात्रा में भगवान के प्रतिरूप बने सरस्वती शिशु मंदिर के छात्राएं बहुत ही मनोहारी दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे।

एनुका शार्वा के टीम की बहनें पूरे शोभायात्रा में रामजी के भजन में मस्ती से नृत्य करती हुई भ्रमण किए। कामधेनु मंदिर के व्यवस्थापक संत वीरेंद्र देशमुख ने रथ पर सवार होकर और उनके साथ हजारों की संख्या में उनके भक्तगण इस यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। लोहारा खंड के संघ चालक महेंद्र जायसवाल व घर घर संपर्क अभियान के संयोजक राघवेंद्र नाथ मिश्रा जी के नेतृत्व में इस पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी अनुसांगिक संगठनों ने अपना तन मन लगाकर राम जी के इस हिंदू समाज को जगाने वाली यात्रा को मंगलमय बनाने में भरपूर योगदान दिए। यात्रा को अनुशासित रूप से आयोजित कराने में पुलिस विभाग व प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यात्रा के संयोजक ने सबका आभार व्यक्त कर सबकी मंगल कामना करते हुए प्रभु राम से प्रार्थना की तथा 22 जनवरी को नगर के सभी मंदिरों में भजन कीर्तन करते हुए भव्य दीपावली मनाने अपील की। नगर में पहुंचे अक्षत कलश का हिंदू धर्मावलंबियों के साथ भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शरीक हुए, जिसमें प्रदेश प्रवक्ता भाजपा देवलाल ठाकुर ,जिला महामंत्री देवेन्द्र जायसवाल, जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर, जिला कार्यकारणी सदस्य भाजपा जसराज शर्मा, सांसद प्रतिनिधि एवं मंडल महामंत्री संदीप जैन, धीरेंद्र टांक, गेंदमल भंसाली, प्रकाश जैन, धनेश साहू सहित सैकड़ों रामभक्त उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण की बाल लीला देख धन्य हुए श्रद्धालु



**बालोद।** ग्राम झलमला में स्व. रामचंद, रेवतीबाई व स्व. गोवर्धन पटेल, तुलसी बाई की स्मृति में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन 28 दिसंबर को होगा। इसमें प्रवचनकर्ता संत बल्ला प्रसाद शर्मा है व परायणकर्ता पंडित घनश्याम प्रसाद शर्मा हैं। कथा दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक सुनाई जा रही है। इसके तहत 25 दिसंबर को कृष्ण जी की बाल लीला व दही लूट के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे महिलाओं के साथ बच्चे बुजुर्ग भगवान श्री कृष्ण की बात लीला देख व दही लूट में शामिल होकर अपने आप को आनंद से सराबोर करते दिखे। जहां भगवान का भजन गाकर लोग उसमे झूमते नाचते दिखे। जिसमें 26 दिसंबर को रूखमणी मंगल होगा। 27 दिसंबर को भागवत सम्पती चढ़ौती व शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 28 दिसंबर को गीता प्रवचन नौकन्या भोजन, कपिला तर्पण, हवन पूर्णाहूति का कार्यक्रम होगा। आयोजक ग्राम पटेल मनोहर पटेल व पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष व पूर्व जनपद सदस्य शकुन पटेल है।

## विश्व कल्याण के लिए किया गायत्री महायज्ञ





**बालोद।** जिला मुख्यालय गायत्री परिवार द्वारा गायत्री शक्तिपीठ की स्थापना दिवस पर वार्षिक उत्सव का आयोजन कर पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व विचार मंच का कार्यक्रम रखा गया।

जिसमें एक दिन पूर्व विश्व कल्याण व सबके लिए सद्बुद्धि हेतु 12 घंटे की गायत्री मंत्र अखंड जप, ध्यान किया गया। दूसरे दिन प्रातः ध्यान साधना के बाद पांच कुण्डीय

- जिला मुख्यालय में गायत्री शक्तिपीठ के स्थापना दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

गायत्री महायज्ञ व संस्कार महोत्सव आरंभ हुआ, जिसका संचालन ब्रह्मवादिनी बहन वृंदा साहू, सत्यभामा साहू, हेमबती सिहारे द्वारा विधि विधान से की गई व वेदमंत्रों की आहुति दी गई। उपस्थित साधकों ने पूर्णाहुति के रूप अपने बुराइयों को छोड़ने व श्रेष्ठ मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। विचार मंच के कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्यामा साहू, जिला प्रतिनिधि दशरथ कलिहारी, राजेंद्र कुमार सिन्हा, ट्रस्टी हेमबती सिहारे, ओमप्रकाश गजेन्द्र, आर. के साहू, नारायण साहू व ब्लॉक समन्वयक लोचन लाल साहू विराजमान हुए। श्यामा साहू ने गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के अवतरण को एक ऐतिहासिक महामानव ईश्वरीय चेतना के रूप बताया जो नवयुग सतयुगी वातावरण लाने के लिए संकल्पित है वो पूरा होकर रहेगा। पूरी दुनिया में करोड़ों लोगों को गायत्री मंत्र से जोड़ कर धरती को स्वर्ग बनाने जा रही है। दशरथ कलिहारी ने गुरुदेव की कुछ मार्मिक संस्मरण सुनाया व उनके तीन हजार से अधिक जीवनोपयोगी साहित्य को जन जन तक पहुँचाने के लिए शिष्यों को संकल्प लेने का निवेदन भी किया। मतस्यावतार की गति से बढ़ते हुए गायत्री परिवार की विचार क्रांति, बौद्धिक क्रांति, सामाजिक क्रांति द्वारा हमारा देश विश्वगुरु बनने जा रही है।

**लोकसेवी ही किसी राष्ट्र को ऊँचा उठा सकता है : राजेंद्र :** राजेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि युगद्रष्टा वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पूज्य गुरुदेव जैसे सच्चरित्र और निरूस्वार्थ लोकसेवी ही किसी राष्ट्र को ऊँचा उठा सकता है। समस्त समस्याओं का समाधान गायत्री मंत्र है, प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में इसे शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शक्तिपीठ ट्रस्टी कमलनारायण साव ने किया व हेमबती सिहारे ने उपस्थित सभी साधकों परिजनों का आभार व्यक्त किया।

# सत्संग से हो सकती है दिव्य लोक की प्राप्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आमापारा बगीचा शारदा कॉलोनी वार्ड नंबर 14 में शारदा महिला मंडल के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन परम पूज्य संत अवधेशानंद के कृपा पात्र पंडित अजय चतुर्वेदी के द्वारा छठवें दिन की कथा में कृष्ण बाल लीला के साथ–साथ पूतना उद्धार तृणावर्त सकट जैसे राक्षसों का संहार की कथा सुनाई। ंडित अजय चतुर्वेदी ने बताया कि जब कृष्ण अवतार हुआ तो शोडस कलाओं से युक्त पूर्ण ब्रह्म अवतरित हुए थे, बैकुंठ सुना पड़ गया था, सभी वहां के देवी देवता ब्रजभूमि में पशु, पक्षी, पेड़, पौधे, कीट, पतंग के रूप बनाकर उपस्थित हो गए थे। लक्ष्मी जी ने जब देखा कि यहां पर तो कोई नहीं है, समय व्यतीत नहीं हो पाएगा अतः वह ब्रज के रेनू के रूप में अपने उपस्थिति प्रदान कर कृष्ण की लीलाओं का दर्शन लाभ लिया। जैसे ही लक्ष्मी जी ने वहां धूल कणो के रूप में वास कर ली ब्रज में लक्ष्मी का वास हो गया। पंडित अजय चतुर्वेदी ने बताया कि कलयुग में ना योग, ना पूजा, ना जप, ना ध्यान हो सकता है, बल्कि सत्संग से दिव्य लोक की प्राप्ति कर सकते हैं। इसीलिए तुलसीदास ने कहा जो सुख लव सत्संग, पुण्य अर्जित कर हम स्वर्ग लोक तो जा सकते हैं। लेकिन सत्संग इस पृथ्वी लोक पर ही प्राप्त होगी, देवता सदा इसकी कामना करते रहते हैं।

ईश्वर श्रम साध्य नहीं कृपा साध्य है। वार्ड वासियों ने जन्मोत्सव में बाल गोपालो के साथ अपनी भागीदारी निभाते हुए खूब आनंद लिया। कथा का विस्तार करते हुए रुक्मणी विवाह की मंगल कथा सु मधुर गीतों के साथ कथा स्थल पर श्रोताओं को, भक्तों को ठहरने के लिए विवश कर दिया। कथा स्थल पर भगवती साहू, मोहित साहू, डोमन लाल साहू, जीएल देवांगन, प्रमोद शर्मा, युधिष्ठिर शर्मतथा वार्ड 14 के रमेश द्विवेदी, युएस ठाकुर, अशोक रावत, समीर रावत, पीएल देशमुख, धनेश साहू, चौंपेश्वर यदु, दुष्यंत देशमुख, सतीश याद व युवराज देशमुख, राणा एवं भागवत आचार्य के सुपुत्र पूर्व चतुर्वेदी एवं उनकी धर्मपत्नी तथा महिला मंडल के अध्यक्ष हेमवती वर्मा, पार्षद चमेली साहू, सुनंदा देशमुख, जागेश्वरी हरदेल, ममता यादव, चमन लता यादव,ख पूर्णिमा देशमुख, तारा भेड़िया, एस रावत, टू नेश्वरी यादव, समस्त महिला मंडल के सदस्यों ने भागीदारी निभाई।

## धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस



**दल्लीराजहरा।** धार्मिक नगरी दल्लीराजहरा चिखलाकसा सहित क्षेत्र में क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दल्लीराजहरा शहर के विभिन्न गिरजाघरों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे और क्रिसमस पर्व को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। गिरजाघरों को आकर्षक और विभिन्न प्रकार की लाइट झालरों से सजाया गया था। क्रिसमस पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। गिरजाघर में लाइटिंग करने के साथ ही क्रिसमस ट्री और कैंडल भी जलाया गया। साथ ही तमाम तरह की व्यंजन और केक काटकर लोग एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## मुरली बने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के संगठन सचिव



**अर्जुंदा।** समाज में निरंतर अपनी सक्रियता रखने वाले मुरली साहू जो सतत परिश्रम करते हुए, तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ दुर्ग संभाग, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ में दो कार्यकाल तक अपनी मेहनत और लगन से समाज में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहें हैं। युवा समाजसेवी मुरली साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू एवं महामंत्री दयाराम साहू ने अपनी कार्यकारिणी में संगठन सचिव का नवीन दायित्व दिया है।









## खबर संक्षेप

### किरण देव के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पार्टी नेताओं ने दी बधाई



**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा युवा भाजपा नेता जगदलपुर विधायक किरण देव सिंह को छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के नेताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू ने कहा कि किरण देव की नियुक्ति से प्रदेश भाजपा नए जोश के साथ काम करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य में नई मिसाल कायम कर संगठन को और मजबूती प्रदान कर पार्टी को जन-जन तक ले जाएंगे। पूर्व विधायक व पूर्व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष डा दयाराम साहू ने कहा कि किरण देव वरिष्ठ, अनुभवी और संगठन क्षमता में कुशल नेता हैं। उन्हें प्रदेश भाजपा की कमान सौंपने से पार्टी सफलता के और नए शिखरों को छुएगी। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के विशेष आमंत्रित सदस्य धनराज साहू ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं के लिए संगठन में काम करने की बहुत जगह है। उन्होंने कहा कि आज किरण देव को पार्टी के प्रति समर्पण का ही पुरस्कार मिला और प्रदेश की संगठन की जिम्मेदारी मिली है, जिसके लिए बहुत-बहुत बधाई।

### खोला में मनाई पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती



**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत खोला में छत्तीसगढ़ निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी जयंती मनाई गई।

### जामगांव आर में मना सुशासन दिवस



**जामगांव आर।** भारत रत्न छत्तीसगढ़ निर्माता अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म दिवस अटल चौक जामगांव आर में मनाया गया। भाजपा के स्थापना काल से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता कामता प्रसाद साहू, ए के जैन, लालजी डहरे, कोमल साहू, राधेश्याम राठी, महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्रीय मंडावी, उर्मिला यादव, किशोर साहू, मेघनाथ सागरवंशी, अंगेश्वर साहू, राजेश चंद्राकर, रोमल साहू, डीलेशचंद्राकर, राजपाल साहू, आदेश यादव, राहुल राठी राजू निर्मल, उज्वल केला, आनंद यादव, किरणवेदी साहू, बुधा साहू, बलदाऊ मेलाराम साहू, प्रह्लाद साहू, सांवत साहू आदि ने अटल जी को नमन वंदन अभिनंदन किया। सभी वरिष्ठ जनों ने गुणानुवाद कर अटल जी का स्मरण किए। वरिष्ठ भाजपा नेता कामता प्रसाद साहू ने कहा कि अटल जी सादा जीवन उच्च विचार के धनी थे मर्यादामय जीवन सत्य पथ के राही थे। भारत की चमचमाती सड़कें अटल जी की ही योजनाओं के चलते सर्वत्र छाई हुई है।

**जयंती :** सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

# हम अपने पते में छत्तीसगढ़ लिख रहे हैं, तो इसके पीछे वाजपेयी जी की प्रबल इच्छा शक्ति थी : मंडावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय डौंडी और पंचायतों में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। पूर्व पीएम की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उनकी जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में सांसद मोहन मांडवी, जिला महामंत्री देवेंद्र जायसवाल जिला महिला नेत्री राधिका भारद्वाज वरिष्ठ भाजपा नेता छगन यदु नगरपंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी,उपाध्यक्ष रूपेश नायक,सहित भाजपा मंडल के नेता की उपस्थित में कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोहन मांडवी ने कहा कि आज हम उस महापुरुष का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मना रहे हैं, जिनका महत्वपूर्ण योगदान हमारे राज्य के निर्माण में है। आज अगर हम अपने पते में छत्तीसगढ़ लिख रहे हैं तो उनका एक महत्वपूर्ण कारण अटल बिहारी वाजपेयी की प्रबल इच्छा शक्ति ही है जिसने हमें यह राज्य छत्तीसगढ़ दिया।

■ डौंडी ब्लाक मुख्यालय के रेस्ट हाउस में कांकेर सांसद के मुख्य आतिथ्य में हुआ

इस सुशासन दिवस का मतलब तभी सार्थक होगा, जब हम सब उनके बताए मार्गों पर चलेंगे। भाजपा जिला मंत्री देवेंद्र जायसवाल ने कहा कि अटलजी एक कुशल राजनीतिज्ञ थे। देश सेवा व राष्ट्र प्रेम उनमें कूट कूटकर भरी थी। यही वजह थी कि विपक्षी पार्टियों के शीर्ष नेता भी अटलजी के गुण गाते नहीं थकते थे। उनके किए कार्य से प्रेरणा लेकर ही आज सभी जगह सुशासन दिवस मना रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनीष झा,निलेश जायसवाल, अजय चौहान, हिंसा राम साहू, जीवन धनकर, राम नारायण धनकर, रूपेश ढेलडिया, पिंटू नाहर, विशाल जैन, संजीव मानकर, विनय जायसवाल,रजनी जायसवाल, रेखा चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।




### नगर पंचायत में चला स्वच्छता अभियान

**गुण्डरदेही।** नगरीय प्रशासन विभाग एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर पंचायत गुण्डरदेही में 25 दिसंबर सोमवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा नगर के सब्जी मंडी व साप्ताहिक बाजार स्थल में सफाई अभियान चलाया गया एवं नगर में रैली निकालकर स्वच्छता का सन्देश दिया। इस दौरान अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सुशासन का शपथ लिया गया। सुशासन दिवस के अवसर पर शाम 5 बजे सामुदायिक भवन गुण्डरदेही में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगोली प्रतियोगिता व अटल कवि सम्मलेन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद गण शिक्षक स्कूली बच्चों के अलावा सीएमओ चन्द्रकान्त शर्मा, इंजीनियर कृपाराम बर्मन, लेखापाल दुष्यंत सिंह, छम्मन लाल साहू, उमेश ठाकुर व स्वच्छता महिलाए सफाई कर्मचारी व नगरवासी उपस्थित थे।

## परसदा (डंगनिया) में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती



**अंडा।** ग्राम पंचायत परसाद (डंगनिया) में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर गांव एवं प्रदेश के लिए स्वच्छता एवं नैतिकता का शपथ ली गई। अटल बिहारी जी वाजपेई के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच कुलदीप साहू ,सचिव रोशन देशमुख, ग्राम कोटवार गोपाल मानिकपुरी, मेट कमलेश सिरमौर, कमलेश साहू, शेखर साहू, डोरू साहू, लेखूराम ,टीकाराम यादव, दिनेश साहू ,पप्पू साहू पंच सरिता साहू देवंतीन साहू ,दुलारी बाई ,नारद देहलाहरे व सोनू साहू उपस्थित रहे।

## अरमरीकला में मनाई गई भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती



**गुरूर।** ग्राम अरमरीकला में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता अटल जी को याद करते हुए जिला मंत्री भाजपा बालोद नरेश साहू ने कहा कि सुशासन दिवस भारत में प्रतिवर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के रूप में 25 दिसंबर के दिन मनाया जाता है। सरकार में जवाबदेही के भारतीय लोगों के बीच जागरूकता को बढ़ावा देकर प्रधान मंत्री वाजपेयी को सम्मानित करने के लिए 2014 में सुशासन दिवस की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा कि हम पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के किसान भाईयों को 2 साल के धान की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ 38 लाख 96 हजार रूपए का भुगतान किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि ऐसे किसान जो पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुसार सोसायटियों में अपना धान बेच चुके हैं, उन्हें नवीन निर्धारित मात्रा के अंतर का धान विक्रय करने की सुविधा भी दी गई है। नरेश साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी को लागू करके किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से 21 क्विंटल धान की खरीदी शुरू हो गई है। किसानों को धान बेचने में किसी भी तरह की दिक्कत ना हो, इसके लिए सभी खरीदी केन्द्रों में बेहतर और पर्याप्त इंतजाम किए गये हैं।



## पलारी में सुशासन दिवस पर बांटी गई धान बोनस की राशि

**गुरूर।** ग्राम पलारी में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई का जयंती समस्त ग्रामवासियों एवं भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ताओं ने मनाई। अटल सुशासन दिवस के अवसर पर सेवा सहकारी समिति पलारी धान बोनस राशि वितरण समारोह का कार्यक्रम रखा गया, इस अवसर पर मनीष साहू, पूर्णेश्वर साहू, उज्जवल साहू अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## नगपुरा में झुमुक लाल देवांगन की प्रतिमा स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत नगपुरा के पटेल चौक पर स्व झुमुक लाल देवांगन की पुण्य तिथि पर 23 दिसंबर को उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू थे।

देवांगन परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भूषण लाल देवांगन संरक्षक दुर्ग जिला देवांगन समाज ने की। विशेष अतिथि पुष्पा यादव अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, देवेन्द्र देशमुख अध्यक्ष के जनपद पंचायत दुर्ग, लक्ष्मी साहू सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, लक्ष्मी नारायण देवांगन, सरस्वती सेन, पुराणिक लाल देवांगन, राकेश देवांगन, दुष्यंत देवांगन, नन्द कुमार सेन एवं भूपेंद्र रिगरी सरपंच ग्राम पंचायत नगपुरा थे। सर्वप्रथम देवांगन परिवार द्वारा पंडित जी के विधि विधान से प्रतिमा जी की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन श्री देवांगन के सुपुत्र रोहित कुमार देवांगन व कमलनारायण देवांगन ने किया।

## प्राकृतिक जल स्रोत तालाबों का संरक्षण जरूरी : वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा/अर्जुंदा



शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस के दिन की शुरुआत देशभक्ति गीतों और नारों के साथ गांव की गालियां का भ्रमण कर किया गया। उसके बाद योगा एवं पीटी परेड किया गया।

■ शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने की तालाबों व नदी की सफाई

उसके बाद स्वयंसेवको ने स्वल्पाहार करने के बाद सभी अपने-अपने दल के साथ गांव में परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों ने ग्राम गुरेदा के चौक चौराहों और ग्राम पंचायत भवन आंगनबाड़ी मंदिरों और तालाबों और तांदुला नदी की साफ-सफाई कर लोगों को भी साफ सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उक्त अवसर पर बालोद जिले के दल्लीराजहरा निवासी ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने इस शिविर में पहुंचकर स्वयंसेवकों के साथ मिलकर गांव की शीतला तालाब और तांदुला नदी की साफ-सफाई की और जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई।

### किया गया नेत्र परीक्षण

शिविर के दौरान अर्जुन्दा से पहुंचे नेत्र विशेषज्ञ डॉ अशोक साहू ने ग्रामीणों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया और उपचार और सलाह दी। वहीं बौद्धिक परिचर्चा सत्र में आए अतिथियों ने स्वयंसेवकों को व्यक्तित्व विकास एवं लक्ष्य निर्धारण कर कड़ी मेहनत करने के लिए कहा। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी और कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति, अनिल नागवंशी, योगेन्द्र बघेल, कमलेश पांडे, ग्रीन कमाण्डो विरेन्द्र सिंह, स्वयसेविका छाया साहू, अमृत कुमार, पंकज चौधरी सहित स्वयं सेवक उपस्थित रहे।




### ग्राम अचौद में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को किया याद

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही भाजपा मंडल के ग्राम अचौद बूथ क्रमांक 248 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। उनके तैल चित्र पर पुष्प मालाएं एवं गुलाल लगाकर स्वागत कर नमन किया गया। इस अवसर पर उनकी लिखी कविता को याद कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, भाजपा शक्ति केंद्र अचौद संयोजक मोपेन्द्र मोनू साहू, बूथ अध्यक्ष राजेंद्र साहू, दुलार ठाकुर, कमलेश ठाकुर, बोरगहन के सरपंच संतराम,ईश्वर निर्मल, शिव निर्मल, देवलाल साहू, प्राण साहू, त्रयोदय एवं हेमंत यदु व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अरमरी खुर्द में मना सुशासन दिवस



**जामगांव आर।** अरमरी खुर्द में भाजपा कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म दिवस मनाया। कार्यकर्ताओं ने समवेत स्वर में कहा अब भाजपा का सुशासन आ गया है और फिर मोदी है तो सुशासन मुमकिन है।

## नगर पंचायत गुरूर में मनाया गया सुशासन दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर पंचायत गुरुर अंतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस पर सुशासन दिवस मनाया गया। कार्यकम में दीप प्रज्वलित किया गया एवं शपथ ग्रहण किया गया। जिसमें नगर पंचायत गुरूर अध्यक्ष महिमा रेनू भूपेन्द्र साहू व नगर पंचायत गुरूर के नेता प्रतिपक्ष चिंता राम साहू एवं पार्षद कुंती उर्फ इन्दवती सिन्हा, चन्दलता साहू व अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।







